CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 02-03-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: cci Time: 03-01-2026 22:12 Color:



# जमीन पर काम बताकर उत्तर प्रदेश में बनाएंगे चुनावी हवा!

## हर महीने मेगा प्रॉजेक्ट का होगा लोकार्पण, अधिकांश में PM रहेंगे मौजूद

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** यूपी की हवा में अब चुनाव के रंग घुलने लगे हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग वोटर लिस्ट को पुख्ता बनाने में जुटा है। इधर, सियासी दलों ने भी अगले साल होने वाले चुनाव के लिए बूथवार चक्रव्यूह तैयार करना शुरू कर दिया है। इस बीच सरकार-संगठन भी सियासी मोर्चेबंदी के साथ ही उपलब्धियों के मोर्चे पर भी नाकाबंदी शुरू कर दी है। इस साल अमूमन हर महीने एक मेगा प्रॉजेक्ट के लोकार्पण, निवेश व विकास के मोर्चे पर बड़े आयोजनों की तैयारी है। इसमें अधिकतर कार्यक्रमों में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे, जिससे 'डबल इंजन' के दम का संदेश दिया जा सके। पिछले तीन महीने में यूपी में आयोजनों की गति बढ़ी है और इनमें सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय नेतृत्व की भी सक्रियता बढ़ी है। एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जिले से प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय महत्व वाली परियोजनाएं जो अंतिम चरण में हैं उनको फिनिशिंग टच देने की प्रक्रिया तेज हो गई है।


पिछले महीने पीएम मोदी नमो भारत ट्रेन और मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए मेरठ आए थे। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी मेट्रो का सफर किया था।

### चुनाव के पहले मथ लेंगे प्रदेश

सूत्रों का कहना है कि कार्यक्रमों की रूपरेखा इस तरह से तैयार की जा रही है कि विकास योजनाओं एवं उनके लोकार्पण के जरिए ही केंद्रीय-प्रदेश नेतृत्व चुनाव शुरू होने से पहले पूरे यूपी को मथ चुका होगा। प्रदेश व जिला स्तर के अन्य विकास कार्यों की सूची प्रभारी मंत्रियों के जरिए बनाई जा रही है, जिससे चुनावी मंच से वादे नहीं बल्कि उनकी अमल की तस्वीर दिखा जनता से यूपी में तीसरा टर्म मांगा जा सके। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार-संगठन के लिए यह रणनीति कारगर रही थी।

### अगले महीने वाराणसी में शुरू हो सकती है रोपवे सेवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इसी महीने वाराणसी दौरा भी प्रस्तावित है। इसमें वहां रोपवे सहित अन्य बड़ी परियोजनाओं को वह हरी झंडी दिखा सकते हैं। वहीं, गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य भी अंतिम चरण में है। अगले महीने तक योगी सरकार इसका भी लोकार्पण पीएम के हाथों करवाने की तैयारी कर रही है। वहीं, नोएडा के जेवर में बन रहे इंटरनैशनल एयरपोर्ट में भी परिचालन शुरू करने की प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सीएम योगी विधानसभा में भी इसकी जानकारी दे चुके हैं कि पीएम से इसका लोकार्पण करवाया जाएगा। एक और अहम प्रॉजेक्ट लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे को भी अगले महीने तक शुरू करने की तैयारी चल रही है।

# भ्रामक विडियो फैलाने वाले 9 यूट्यूबर्स पर केस दर्ज

## ब्रज की होली की छवि धूमिल करने का आरोप

■ **मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध ब्रज की होली को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक विडियो फैलाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुराने वीडियो क्लिप को इस साल की होली से जोड़कर गलत संदेश फैलाने वाले 9 यूट्यूबर्स के खिलाफ थाना बरसाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इन विडियो में यह दिखाने की कोशिश की गई थी कि ब्रज की होली के दौरान महिलाओं के साथ गलत व्यवहार होता है और वे सुरक्षित नहीं हैं। जबकि पुलिस का कहना है कि इस तरह की किसी भी घटना की न तो पुष्टि हुई है और न ही कोई शिकायत मिली है। दरअसल, इन दिनों नंदगांव और बरसाना समेत पूरे ब्रज क्षेत्र में पारंपरिक और धार्मिक होली पूरे उत्साह के साथ मनाई जा रही है। कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स पर आरोप है कि वे



पुराने विडियो एडिट कर उन्हें इस साल का बताकर वायरल कर रहे हैं।


एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि सोशल मीडिया पर जो कंटेंट प्रसारित किया गया, वैसी किसी महिला उत्पीड़न की घटना सामने नहीं आई है। कुछ लोगों ने जानबूझकर भ्रामक नैरेटिव बनाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की है। उनकी पहचान की जा रही है। ब्रज में होली का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाया जा रहा है। अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पीएम के गोद लिए गांव में बना पौधारोपण का रेकॉर्ड



- एक घंटे में 251446 पौधे लगे, चीन के 2018 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा
- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुई ऐतिहासिक सफलता

■ **विकास पाठक, वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव सुनाबाद-डोमरी में रविवार को विश्व रेकॉर्ड बना। यहां एक घंटे में 251446 पौधे लगाए जाने से चीन के नाम 2018 में दर्ज 153981 पौधे लगाने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड टूट गया। ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल तंत्र के जरिए पुष्टि के बाद बाद इस नए रेकॉर्ड की घोषणा की और महावीर अशोक को सर्टिफिकेट प्रदान किया। दरअसल, पीएम मोदी द्वारा 2018 में गोद लिए गए डोमरी गांव में 350 बीघा क्षेत्र को नगर निगम ने शहरी वन क्षेत्र के रूप में विकसित किया है। रविवार को भारतीय सेना के 39 जीटीसी, 39 जीआर, एनडीआरएफ, सीआरपीएफ, 36 और 39 वाहिनी पीएसी के जवानों ने पूरी ऊर्जा के साथ पौधारोपण किया।






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in